Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to modernise and develop Porbandar Railway Station in Gujarat as a model railway station- Laid

श्री रमेशभाई एल. धडुक (पोरबंदर): मेरे संसदीय क्षेत्र पोरबंदर, गुजरात में कीर्ति मंदिर है जो हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कि यादों से जुड़ा हुआ है और हर साल लाखों की संख्या में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को कीर्ति मंदिर दर्शन के लिए आते हैं । पोरबंदर में मत्सय एवं नमक उद्योग भी काफी फला फुला है । परंतु वर्तमान हालात में पोरबंदर की स्थिति बहुत ही खराब है । जिससे यहाँ पर्यटन का विकास नहीं हो पा रहा है, एवं मेरी आपके माध्यम से रेलवे से मांग है कि पोरबंदर रेलवे स्टेशन के पास महात्मा गांधी एवं कस्तूरबा गांधी का स्टेचू बनाया जाए ।

अत: मेरी रेलवे मंत्री महोदय से मांग है कि पोरबंदर रेलवे स्टेशन का तुरंत आधुनिकीकरण कर इसे एक मॉडल स्टेशन के रूप में विकसित किया जाए ।